दिल्ली न्यूज़7
सबके साथ सबकी बात
रविवार, 24 जुलाई 2022 ई-मेल : dillinews7editor@gmail.com www.dillinews7.in

# चेतक ग्रुप के संस्थापक उद्यमी स्व. जय करण शर्मा की स्मृति में डाक टिकट जारी





गुरुग्राम (संवाददाता)। चेतक समूह के संस्थापक स्व. जयकरण शर्मा की असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मान देते हुए मरणोपरांत 'द लॉजिस्टिक मैन ऑफ इंडिया' के नाम से इंडिया हेबीटेट सैंटर में पोस्टल विभाग ने डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री जी. कृष्णा रेड्डी व पोस्टल डिपार्टमेंट मिनिस्ट्री ऑफ कम्युनिकेशन से अशोक कुमार ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर परिवार की ओर से स्व. जय करण शर्मा के सुपुत्र मुकेश हरिस, राजेश हरितस व सचिन हरितस, धर्मपत्नी कृष्णा शर्मा, भाई रामफल शर्मा, भाभी संतोष देवी शर्मा, सुपुत्री भावना, समधी एम.पी. शर्मा (सीएमडी, अनिल कार्गो प्रा. लि.), राजबाला शर्मा (धर्मपत्नी रामबिलास शर्मा), प्रमिला शर्मा (धर्मपत्नी विनोद मुदगल) समेत कई सगे-संबंधी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त केशव कौशिक (प्रिंसीपल सैशन जज, जयपुर), मुकेश शर्मा (पूर्व विधायक), सतीश गहलोत (उद्योगपति व समाजसेवी), राकेश शर्मा समेत देश-विदेश कई गणमान्य लोग व ट्रांसपोर्ट जगत की कई हस्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री कृष्णा रेड्डी ने स्व. जयकरण शर्मा के बारे में कहा कि स्व. शर्मा जी हरियाणा के भिवानी जिले के एक छोटे से गांव झींझर में एक किसान परिवार में पैदा हुए थे और बिना पूंजी के उन्होंने लॉजिस्टिक का देश में बड़ा साम्राज्य खड़ा कर दिया। आज देश-विदेश में चेतक समूह की 60 शाखाएं हैं और उन्होंने हजारों लोगों को रोजगार दिया एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत बने। सुपुत्र मुकेश हरितस ने बताया कि मेरे पिता जी ने लगन और मेहनत से चेतक समूह स्थापित किया और उनसे हमें प्रेरणा मिली। उनसे मिली विरासत को हम आगे ले जाएंगे और चेतक समूह को ग्लोबल लॉजिस्टिक लि. बनाएंगे।

ज्ञातव्य है कि चेतक समूह द्वारा गाँव झींगर में एक धर्मशाला और हॉस्पिटल बनाया गया है और उनके परिवार द्वारा गऊ सेवा, गरीब बच्चों का विवाह, आंखों के कैम्प व धर्म व पुण्य के कई कार्य किए जाते हैं। जिनमें उनकी धर्मपत्नी कृष्णा शर्मा का प्रमुख योगदान रहता है। वहीं उनके समधि एडवोकेट एम.पी. शर्मा जो कि अनिल कार्गो प्रा. लि. के सीएमडी हैं वह भी अपने व्यवसाय के साथ सामाजिक कार्यों में जैसे गरीब कन्याओं की शादी, स्कूलों में स्वेटर का वितरण, वाटर कूलर लगाना, गौशाला का निर्माण आदि में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं।